प्रेस विज्ञप्ति

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

नई दिल्ली

दिनांक: 15 नवंबर, 2024

लोकसभा अध्यक्ष कल चौथे लेखापरीक्षा दिवस का उद्घाटन करेंगे

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय कल अपना चौथा लेखापरीक्षा दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है। इस वर्ष का समारोह, मुख्य अतिथि माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की विशिष्ट उपस्थिति में शासन में पारदर्शिता एवम् जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के कार्यालय में कल प्रातः 10:00 बजे शुरू होगा।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक श्री गिरीश चंद्र मुर्मू, वरिष्ठ प्रबंधन, प्रधान महालेखाकारगण , महानिदेशकगण, महालेखाकारगण, प्रधान निदेशकगण तथा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्यों और विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य सम्मानित अतिथि इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

16 नवंबर का मुख्य कार्यक्रम ज्ञान साझा करने, अभिज्ञान एवं उत्सव का समारोह होगा।

इसके बाद के कार्यक्रम में शामिल होगा :

- विषय-आधारित संकलन का अनावरण, सुशासन की दिशा में अभिनव पहल पर प्रकाश डालने वाली “उत्प्रेरक ....” ("द कैटलिस्ट्स"); अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भारत के सर्वोच्च लेखापरीक्षा संस्थान (साई इंडिया) के व्यावसायिक योगदान के प्रकाशन खंड-। एवं संगठनात्मक पहलों और प्रभावों पर प्रकाश डालने वाली एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन । लेखापरीक्षा रिपोर्ट के पॉडकास्ट तैयार करने में एआई की क्षमता का प्रदर्शन तकनीकी उन्नति के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की प्रतिबद्धता को और रेखांकित करेगा।

• भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा सेवा (आईएएंडएएस) अधिकारी प्रशिक्षुओं के 2022 बैच के लिए विदाई समारोह में लेखापरीक्षा के भविष्य का जश्न मनाया जाएगा; जबकि इस क्षेत्र में उत्कृष्टता को पहचान देते हुए नई पहल करने के लिए लेखापरीक्षा टीमों और कार्यालयों को प्रतिष्ठित नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। देश के युवाओं के साथ जुड़ाव को जारी रखते हुए क्विज़ प्रतियोगिता के अंतिम दौर और राष्ट्रीय निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार प्रदान किया जाएगा ।

• हितधारकों और नागरिकों तक पहुंच बढ़ाते हुए तथा सुशासन में नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की भूमिका के बारे में अधिक समझ विकसित करते हुए देश भर के क्षेत्रीय कार्यालयों में लेखापरीक्षा सप्ताह के साथ उत्सव जारी रहेगा।

BSC/SS/TT/IK/32-24